देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 278 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

रविवासरीय...साल अच्छा बुरा दोनों रहा



# पेज थ्री

देहरादून, रविवार, 15 दिसंबर 2019



मौसम अधिकतम 18.0⁰ न्यूनतम 6.0⁰ | 41009.71

2 ठीक नहीं है मुझ पर महाभियोग चलाना

7 रन बनाते ही पंत बड़े खिलाड़ी बन जाएंगे

# मेरा नाम राहुल सावरकर नहीं

## देश बचाओ रैली में राहुल गांधी का बीजेपी पर वार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कांग्रेस की देश बचाओ रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने बीजेपी और मोदी सरकार पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि बीजेपी मेरे भाषण को लेकर माफी मांगने को कह रही है, लेकिन मैं माफी नहीं मांगूंगा। सावरकर का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, मैं मर जाऊंगा, लेकिन माफी नहीं मांगूगा। मेरा नाम राहुल सावरकर नहीं है बल्कि राहुल गांधी है। आपको बता दें कि रेप को लेकर राहुल गांधी के दिए बयान के खिलाफ बीजेपी की महिला सांसदों ने शुक्रवार को संसद में काफी हंगामा किया था। इसके बाद बीजेपी ने चुनाव आयोग से भी शिकायत की। राहुल ने आज इसी पर जवाब दिया है।



### देश में अर्थव्यवस्था थी, अब खत्मः राहुल

राहुल गांधी ने कहा कि माफी तो नरेंद्र मोदी और अमित शाह को मांगनी चाहिए, जिन्होंने अर्थव्यवस्था को तबाह कर दिया। राहुल ने कहा कि देश में अर्थव्यवस्था थी, अब खत्म हो चुकी है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, इन्होंने झूठ कहा कि हमें स्विस बैंक से पैसे लाने हैं और ब्लैक मनी से लड़ना है। वास्तव में इन्होंने गरीबों की जेब से पैसे निकालकर अडानी–अंबानी के हवाले कर दिए।

**अब तो केवल 2.5 पर्सेंट है जीडीपीः** राहुल गांधी ने जीएसटी को लेकर कहा कि जो बचा था मोदी सरकार ने गब्बर सिंह टैक्स के जरिए इकॉनमी को खत्म कर दिया। मोदी जी ने रात को 12 बजे गब्बर सिंह टैक्स लागू कर दिया। 45 साल में सबसे ज्यादा बेरोजगारी आज के दौर में है। जीडीपी ग्रोथ 9 पर्सेंट से घटकर 4 पर पहुंच गई। यहां तक कि जीडीपी नापने का भी तरीका बदल दिया। हमारे तरीके से नापोगे तो अब 2.5 पर्सेंट जीडीपी है।

**बीजेपी है तो नौकरियां खत्म होना मुमकिन हैः** बीजेपी के मोदी है तो मुमकिन हैश के नारे पर तंज कसते हुए प्रियंका गांधी ने कहा, बीजेपी है तो 100 रुपये किलो की प्याज मुमकिन है। बीजेपी है तो 45 सालों में सबसे ज्यादा बेरोजगारी मुमकिन है। 4 करोड़ नौकरियां खत्म होना मुमकिन है। रेलवे और एयरपोर्ट की बिक्रियां मुमकिन है। उनसे पहले पी. चिदंबरम ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था गर्त में जा रही है।

### अंधेर नगरी चौपट राजा जैसा माहौलः सोनिया गांधी

नई दिल्ली। दिल्ली के रामलीला मैदान से कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मोदी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि आज अंधेर नगरी, चौपट राजा जैसा माहौल है। कांग्रेस की देश बचाओ रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आखिर सबका साथ, सबका विकास कहां है। उन्होंने कहा, आप ही बताइए कि इस बात की जांच होनी चाहिए कि नहीं कि जिस ब्लैक मनी के लिए नोटबंदी की थी, वह बाहर क्यों नहीं आया। सोनिया ने कहा कि युवा नौकरियों के लिए भटक रहे हैं। लगी–लगाई नौकरियां भी जा रही हैं।

### बीजेपी ने बोला जोरदार हमला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। राहुल गांधी के बयान पर बीजेपी की ओर से सख्त प्रतिक्रिया भी आने लगी है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने ट्वीट कर राहुल के सरनेम को ही उधार का बता दिया। उधर, बीजेपी प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद जीवीएल नरसिम्हा राव ने राहुल को जिन्ना सरनेम लगाने की सलाह दे डाली। उन्होंने कहा कि आपका उपयुक्त नाम राहुल जिन्ना है। इस बीच, बीजेपी प्रवक्ता संबिता पात्रा ने भी राहुल पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि राहुल हजार जनम में भी राहुल सावरकर नहीं बन सकते।

## संक्षिप्त समाचार

### फारूक अब्दुल्ला की हिरासत तीन महीने और बढ़ी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** श्रीनगर। जम्मू–कश्मीर में पूर्व सीएम और नैशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला की हिरासत शनिवार को तीन महीने के लिए बढ़ा दी गई है। वह 5 अगस्त से ही हिरासत में जिस दिन जम्मू–कश्मीर से विशेष दर्जा हटाया गया था। अधिकारियों ने बताया कि वह अपने घर में ही रहेंगे जिसे सब–जेल घोषित किया गया है। उल्लेखनीय है कि जम्मू–कश्मीर से आर्टिकल 370 से जुड़े उन प्रावधानों को हटा दिया गया है जिसके तहत इसे विशेष राज्य का दर्जा मिला हुआ था।

### सीएए के विरोध में स्टूडेंट्स के प्रदर्शन से तनाव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। नागरिकता कानून, 2019 के खिलाफ छात्रों के प्रदर्शन और यूनिवर्सिटी परिसर में तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए जामिया मिलिया इस्लामिया ने 5जनवरी तक छुट्टी की घोषणा कर दी और सभी परीक्षाओं को रद्द कर दिया। यूनिवर्सिटी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, श्सभी परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। आने वाले समय में नई तारीखों की घोषणा की जाएंगी। 16 दिसंबर से 5 जनवरी तक छुट्टी घोषित की गई है।

## झारखंड से गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष पर जोरदार पलटवार किया

# पूर्वोत्तर को जलाने की हो रही है कोशिश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

गिरिडीह। दिल्ली में एक तरफ कांग्रेस ने देश बचाओ रैली के जरिए बीजेपी पर हमला बोला तो झारखंड से गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष पर जोरदार पलटवार किया। नागरिकता कानून लागू होने के बाद पूर्वोत्तर समेत कई इलाकों में जारी हिंसा के लिए अमित शाह ने विपक्ष को जिम्मेदार ठहराया। बीजेपी अध्यक्ष ने कहा कि हम अभी नागरिकता संशोधन बिल लाए तो कांग्रेस के पेट में दर्द हो गया। शाह ने विपक्ष को घेरते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी हिंदू–मुस्लिम राजनीति, नक्सलवाद और आतंकवाद को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि हम तीन तलाक का कानून लाए तो कांग्रेस ने इसे मुस्लिम विरोधी बताया और अब नागरिकता संशोधन कानून को मुस्लिम विरोधी बता रही है। शाह ने आरोप लगाया कि विपक्षी दल नॉर्थ–ईस्ट में हिंसा को भड़का रहे हैं।



**कांग्रेस ने राम मंदिर को लटकाने का काम किया** : शाह ने चुनावी जनसभा में आरोप लगाया कि कांग्रेस ने राम मंदिर को लटकाने का काम किया लेकिन हमारी पार्टी बेहद जल्द अयोध्या में आसमान को छूने वाला राम मंदिर बनाएगी। बीजेपी अध्यक्ष ने कहा, विपक्षी नॉर्थ ईस्ट में आग लगाने में पड़े हैं।

**कांग्रेस की आदत है हर चीज को मुस्लिम विरोधी बताने कीः** शाह ने कहा, हम अभी नागरिकता संशोधन बिल लाए तो कांग्रेस के पेट में दर्द हो गया। बांग्लादेश, अफगानिस्तान और पाकिस्तान में धार्मिक प्रताड़ना झेलने वाले शरणार्थी वर्षों से नरक की जिंदगी जी रहे थे लेकिन कांग्रेस इसे मुस्लिम विरोधी कह रही है। ये बिल मुस्लिम विरोधी नहीं है। कांग्रेस को आदत पड़ी है मुस्लिम विरोधी कहने की। उन्होंने कहा, कल मेघालय के मुख्यमंत्री और अन्य मंत्री मिलने आए। उन्होंने कुछ समस्या बताई थी।

### नागरिकता कानून पर कांग्रेस को घेरा

अमित शाह ने चुनावी जनसभा में कहा, कांग्रेस पार्टी सालों से हिंदू–मुसलमान की राजनीति, नक्सलवाद और आतंकवाद को बढ़ावा देती आई है। आतंकवाद को कठोर तरीके से नरेंद्र मोदी जैसा प्रधानमंत्री आकर रोकता है तो उसमें उनको तुष्टीकरण और वोट बैंक की राजनीति दिखाई पड़ती है। हम तीन तलाक का कानून लाए तो कांग्रेस ने इसे मुस्लिम विरोधी बताया। हमने अनुच्छेद 370 हटाया तो कांग्रेस ने इसे मुस्लिम विरोधी बताया।

# नमामि गंगे पर चिंतन

- कानपुर में पीएम मोदी का नौका विहार
- सीएम योगी के साथ गंगा सफाई का निरीक्षण

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कानपुर। कानपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नैशनल गंगा काउंसिल की पहली बैठक में नमामि गंगे प्रॉजेक्ट पर मंथन किया। पीएम ने इसके बाद अटल घाट पहुंचकर नौका विहार करते हुए गंगा सफाई का जायजा लिया। पीएम ने इससे पहले चंद्रशेखर आजाद यूनिवर्सिटी में नमामि गंगे प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। केंद्र सरकार ने गंगा की सफाई के लिए वर्ष 2020 की समयसीमा तय की है और 20 हजार करोड़ रुपये खर्च करने का वादा किया है। केंद्र सरकार के इस नमामि गंगे अभियान के बाद भी यह पवित्र नदी अभी भी अपने अस्तित्व के लिए लड़ाई लड़ रही है। इस दौरान उनके साथ सीएम योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत, केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर और नरेंद्र सिंह तोमर समेत कई मंत्री भी मौजूद रहे।

### गंगा में डिस्चार्ज बढ़ा

गंगा में गंदगी न दिखे, इसके लिए सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने पूरा दम लगा दिया है। टिहरी और नरौरा से छोड़े गए पानी के चलते गंगा बैराज पर भी शुक्रवार सुबह से कई गेट खोलकर डिस्चार्ज बढ़ा दिया गया।

नदियों में प्रदूषक तत्वों को डालने वाले सीवर और नालियों के बंद होने से नदी के जल में उल्लेखनीय परिवर्तन नजर आएगा।
– योगी आदित्यनाथ, सीएम

# नागरिकता संशोधन कानून पर बवाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

### ममता बनर्जी ने की शांति की अपील

कोलकाता। नागरिकता संशोधन कानून को लेकर पश्चिम बंगाल समेत देश के अलग–अलग हिस्सों में विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जो लोग हिंसा में शामिल पाए गए उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान में ममता बनर्जी ने कहा, श्कानून अपने हाथ में न लें। रास्ते रोकने और आम लोगों को जिस कार्य से दिक्कत पहुंचे, ऐसा कोई भी कार्य न करें। उन्होंने यह भी कहा, सरकारी संपत्तियों को नुकसान न पहुंचाएं। शांति भंग करने वाले सभी दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि नागरिकता संशोधन कानून के बाद से पश्चिम बंगाल में भी विरोध प्रदर्शन जारी है। इसकी वजह से ट्रेनों का संचालन भी प्रभावित हुआ है।


**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in